# ओ सांवरे कब आओगे तुम | By Raj Saraf

हारा हुआ हूँ अब ना ढाओ सितम
ओ सांवरे कब आओगे तुम
ओ सांवरे कब आओगे तुम

एक तू ही आस मेरी, एक तू ही सहारा है
है मतलब का संसार नहीं कोई हमारा है
है मतलब का संसार नहीं कोई हमारा है
हाथ जोड़ तुमको बाबा मनाते हैं हम
ओ सांवरे कब आओगे तुम
ओ सांवरे कब आओगे तुम

मैंने छोड़ दी ये दुनिया, दिल तुझसे लगाया है
जिसको माना अपना वो निकला पराया है
जिसको माना अपना वो निकला पराया है
सह ना सकूंगा इससे ज़्यादा मैं ग़म
ओ सांवरे कब आओगे तुम
ओ सांवरे कब आओगे तुम

तेरे रंग में रंग ले श्याम तेरा भजन मैं गाऊंगा
तेरा भक्त अजब सिंह है उसपे लिखवाऊंगा
तेरा भक्त अजब सिंह है उसपे लिखवाऊंगा
बहते हैं आंसू आँखें हो गई हैं नम
ओ सांवरे कब आओगे तुम
ओ सांवरे कब आओगे तुम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%93-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%ac-%e0%a4%86%e0%a4%93%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-by-raj-saraf/